
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

2024

जयंती विशेष

11 नवंबर 2024

Teachers of Bihar

The Change Makers


## आज का सुविचार

दिल से दी गई शिक्षा समाज में क्रांति ला सकती है।

**मौलाना अबुल कलाम आजाद**

**( भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री )**

**जन्म: 11 नवंबर 1888 मृत्यु: 22 फरवरी 1958**



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्जवल


M o n d a y

## 11 नवम्बर

1. **राष्ट्रीय शिक्षा दिवस–** भारत के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद का जन्म दिवस को 11 नवम्बर को वर्ष 2008 से राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप मनाया जाता है। उनका जन्म 11 नवम्बर, 1888 ई. को मक्का, सऊदी अरब में हुआ था। उनका वास्तविक नाम अबुल कलाम गुलाम मोहिउद्दीन अहमद था। उनके पिता मौलाना सैयद मोहम्मद खैरुद्दीन बिन अहमद अलहुसैनी एक विद्वान व्यक्ति थे, जिन्होंने 12 किताबें लिखी थी। कहा जाता है कि वे इमाम हुसैन के वंश के थे। साल 1890 में उनका परिवार मक्का से कलकत्ता शिफ्ट हो गया। उनकी कई भाषाओं जैसे हिन्दी, उर्दू, फारसी, बंगाली, अरबी और अंग्रेजी पर मजबूत पकड़ थी। उन्होंने ही यूजीसी, आईआईएम, और आईआईटी जैसी संस्थानों की नींव रखी थी। उन्होंने धर्म के आधार पर पाकिस्तान के गठन का खुलकर विरोध किया था। उन्होंने भारत के स्वतंत्रता संग्राम पर एक किताब 'इंडिया विन्स फ्रीडम' भी लिखा था, जिसे वर्ष 1957 में प्रकाशित किया गया था। इसके अलावे कुरान शरीफ का अरबी से उर्दू में अनुवाद, तर्जुमन–ए–कुरान, खतबात–ल–आजाद जैसी रचनाओं को लिखा। वे वर्ष 1947 से 1958 तक भारत के शिक्षा मंत्री रहे। उन्हें भारत के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार 'भारत रत्न' (1992) से सम्मानित किया गया है।
   - **क्या करें?** शिक्षा दिवस के मौके पर 'शिक्षा क्यों जरूरी है?' इस थीम पर निबंध प्रतियोगिता, भाषण आदि आयोजित करें।
2. **प्रथम विश्वयुद्ध की समाप्ति का स्मरण दिवस–** 1914–1918ई. के प्रथम विश्वयुद्ध विराम पर हस्ताक्षर 11 नवम्बर, 1918 ई. को हुआ था, जब आर्मिस्टिक सन्धि पर हस्ताक्षर किये गये थे। इस उपलक्ष्य में 11 नवम्बर को 'रिमेम्बरेंस डे' के रूप में मनाया जाता है। कुछ देशों में इसे 'आर्मिस्टिक डे' के रूप में भी मनाया जाता है। यह युद्ध युरोप, एशिया और अफ्रीका तीन महाद्वीपों में जल, थल और आकाश से लड़ा गया था।
3. **जे. बी. कृपलानी का जन्म–** इनका पूरा नाम जीवतराम भगवानदास कृपलानी था। इनका जन्म 11 नवम्बर, 1888 ई. को हैदराबाद में हुआ था। ये भारत के प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी और राजनीतिज्ञ थे। सन् 1912 से 1917 तक वे बिहार के मुजफ्फरपुर कॉलेज में अंग्रेजी और इतिहास के प्रोफेसर रहे। वे 'गुजरात विद्यापीठ' के प्राचार्य भी रहे, तभी से उन्हें 'आचार्य कृपलानी' भी कहा जाता है। उन्होंने खादी और ग्रामोद्योगों को बढ़ावा देने के लिए उत्तरप्रदेश में 'गाँधी आश्रम' नामक संस्था की स्थापना भी किया। वे अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महामंत्री तथा वर्ष 1946 की मेरठ कांग्रेस के अध्यक्ष भी रहे थे। उनकी पत्नी सुचेता कृपलानी भी उत्तरप्रदेश की मुख्यमंत्री रहीं थी।

मधु प्रिया


# राष्ट्रीय शिक्षा दिवस 11 नवम्बर




यह दिवस भारत सरकार भारत के पहले शिक्षा मंत्री एवं भारत रत्न से सम्मानित मौलाना अबुल कलाम आज़ाद की याद में हर 11 नवंबर को मनाया जाता है। आजाद ने शिक्षा प्रणाली को आधुनिक बनाने व सुलभ बनाने में खास योगदान दिए. मौलाना अबुल कलाम आजाद को स्वतंत्र भारत का पहला शिक्षा मंत्री बनाया गया। आजाद की जयंती को भारत वर्ष में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में मनाया जाता है। मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने 11,सितंबर 2008 को घोषणा की, "मंत्रालय ने भारत में शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को याद करते हुए भारत के इस सपूत के जन्मदिन को मनाने का फैसला किया है। 2008 से हर साल 11 नवंबर को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में मनाया जाएगा, इसे अवकाश के रूप में घोषित किया जाएगा।" देश के सभी शैक्षणिक संस्थान साक्षरता के महत्व और शिक्षा के सभी पहलुओं के प्रति राष्ट्र की प्रतिबद्धता पर बैनर कार्ड और नारों के साथ सेमिनार, संगोष्ठी, निबंध-लेखन, भाषण प्रतियोगिताओं, कार्यशालाओं और रैलियों के साथ दिन को मनाने की घोषणा करते हैं।इस दिन को स्वतंत्र भारत में शिक्षा प्रणाली की नींव रखने और क्षेत्र में देश के वर्तमान प्रदर्शन का मूल्यांकन और सुधार करने में आजाद के योगदान को याद करने के अवसर के रूप में भी देखा जाता है। राष्ट्रीय शिक्षा दिवस 2023 का विषय ' शिक्षा को प्राथमिकता देना: हमारे लोगों में निवेश ' है। भारत का राष्ट्रीय शिक्षा दिवस 2008 से हर साल 11 नवंबर को मौलाना अबुल कलाम आज़ाद की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। इस दिन शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को देखा जाता है, क्योंकि वह स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री थे।

# जयंती विशेष 11 नवंबर

राकेश कुमार




मौलाना अबुल कलाम आज़ाद ( जन्म-11 नवंबर 1888 मृत्यु- 22 फरवरी, 1958) एक प्रसिद्ध भारतीय मुस्लिम विद्वान थे। वे कवि, लेखक, पत्रकार और भारतीय स्वतंत्रता सेनानी थे। भारत की आजादी के बाद वे एक महत्त्वपूर्ण राजनीतिक पद पर रहे। वे महात्मा गांधी के सिद्धांतो का समर्थन करते थे। खिलाफत आंदोलन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। 1923 में वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सबसे कम उम्र के प्रेसीडेंट बने। वे 1940 और 1945 के बीच कांग्रेस के प्रेसीडेंट रहे। आजादी के बाद वे भारत के उत्तर प्रदेश राज्य के रामपुर जिले से 1952 में सांसद चुने गए और वे भारत के पहले शिक्षा मंत्री बने।

# Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 11.11.2024

## राष्ट्रीय शिक्षा दिवस

**11 नवंबर**

राष्ट्रीय शिक्षा दिवस स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आज़ाद की जयंती पर मनाया जाने वाला भारत में एक वार्षिक उत्सव है, जो 15 अगस्त 1947 से 02 फरवरी 1958 तक भारत के शिक्षा मंत्री रहे । मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने भारत में शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को याद करते हुए 2008 से हर साल 11 नवंबर को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में मनाने का फैसला लिया ।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



उत्तराखंड के नैनीताल ज़िले के कालाढूंगी जंगल में एक ऐसा पेड़ है,जिसे गुदगुदी करने पर शाखाएं हिलने लगती हैं, इस पेड़ को स्थानीय लोग 'हंसने वाला पेड़' कहते हैं, इस पेड़ का वानस्पतिक नाम ' रेंडिया डूमिटोरम ' है |

# TOB

राकेश कुमार

# खेल कॉर्नर


## आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के विजेताओं की सूची

ICC CHAMPIONS TROPHY

| साल | विनर | होस्ट |
|---|---|---|
| 1998 | साउथ अफ्रीका | बांग्लादेश |
| 2000 | न्यूज़ीलैंड | केन्या |
| 2002 | भारत-श्रीलंका | श्रीलंका |
| 2004 | वेस्टइंडीज़ | इंग्लैंड |
| 2006 | ऑस्ट्रेलिया | भारत |
| 2009 | ऑस्ट्रेलिया | साउथ अफ्रीका |
| 2013 | भारत | इंग्लैंड-वेल्स |
| 2017 | पाकिस्तान | इंग्लैंड-वेल्स |

# जयंती पर सादर नमन


11 नवंबर 1888-22 फरवरी 1958



# अबुल कलाम आजाद

भारत के पूर्व मानव संसाधन विकास राज्य मंत्री

# जयंती पर सादर नमन




## जे॰ बी॰ कृपलानी

जन्म- 11 नवम्बर 1888 - मृत्यु– 19 मार्च 1982

Madhu priya

www.teachersofbihar.org

11 नवंबर



भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री

'भारत रत्न'

# मौलाना अबुल कलाम आज़ाद

की जयंती पर उन्हें सादर नमन

# राष्ट्रीय शिक्षा दिवस

की हार्दिक शुभकामनाएं

www.teachersofbihar.org

Punita Kumari